## खबर संक्षेप

### सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 1 मई को

**कटनी।** जिला पंचायत कटनी की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ श्री शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### किसान अब 30 अप्रैल तक करा सकेंगें पंजीयन

**कटनी।** खरीफ वर्ष 2024 (विपणन वर्ष 2024-25) में न्यूनतम समर्थन मूल्य के अंतर्गत तुअर उपार्जन हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 30 अप्रैल कर दी गई है। पूर्व में यह तिथि 20 अप्रैल थी। पंजीयन रिपोर्ट के अनुसार तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन कम होने के कारण कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए तुअर के पंजीयन की अंतिम तिथि राज्य शासन ने 20 अप्रैल के स्थान पर 30 अप्रैल तक बढ़ा दी है। साथ ही पंजीकृत कृषकों एवं रकबें का सत्यापन 5 मई तक हो सकेगा।

### आतंकी हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**कटनी।** कश्मीर के पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिषद कार्यकर्ताओं ने आतंकवाद के विरुद्ध अपने आक्रोश को मुखर किया। अभाविप के जिला संयोजक ऋषभ त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में परिषद के कार्यकर्ता, तथा समाज के जागरूक नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मौन धारण कर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और देश में आतंकवाद के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की। कार्यक्रम कटनी के सुभाष चौक हुआ जिसमें विभाग संयोजक सीमांत दुबे,नगर मंत्री संजय कुशवाहा सृजन चौदहा अवध पाण्डेय नितिन साहू हर्ष तिवारी राघव बर्मन अमन रजक प्रशांत अंकित रोहित संदीप प्रभात अंकित राय सहित विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गई श्रद्धांजलि

**कटनी।** पहलगाम में पर्यटकों पर हुये कायराना आतंकी हमले में मारे गये निर्दोष लोगों को शुक्रवार को कलेक्ट्रे ट कार्यालय में श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि सभा में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और अपर कलेक्टर साधना परस्तेर ने कैंडिल जलाकर मृतकों के प्रति श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस दौरान संयुक्तर कलेक्ट र संस्कृति शर्मा, निधि सिंह, डिप्टीा कलेक्ट्र द्वय प्रमोद कुमार चतुर्वेदी एवं विवेक गुप्ता के अलावा जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, तहसीलदार नगर केबी मिश्रा सहित विभिन्नक विभागों के जिलाधिकारी, कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लिपिक गण मौजूद रहे।

### जल संरक्षण हेतु कृषकों का किया जा रहा पंजीयन

**कटनी।** कृषि कार्य के दौरान विभिन्न नई तकनीकों को अपनाकर जल के संरक्षण और संवर्धन हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले के कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की जानकारी प्रदान कर इस पद्धति को अपनाने हेतु प्रेरित कर किसानों का पंजीयन किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में विगत दिवस बांध वाटर शेड क्षेत्र ढीमरखेड़ा सहित विकासखंड विजयराघवगढ़ और विकासखंड बड़वारा के ग्रामपंचायत बडेरा एवं झिंझरी में उद्यानिकी विभाग द्वारा ग्रामों मे चौपाल का आयोजन कर सूक्ष्म सिंचाई पद्धति जैसी नई तकनीक अपनाकर जल संरक्षण की जानकारी दी गई तथा कृषकों का पंजीयन कराया गया।

### चूना भट्टों के संचालन में नियमों का पालन नहीं होने से ग्रामीण हलाकान

# जहरीला धुआं बना रहा लोगों को बीमार अफसरों को कार्यवाही से नहीं सरोकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

औद्योगिक प्लांटों के संचालन के लिए सरकार द्वारा नियम बनाये जाते है जिससे आसपास के रहवासियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। वातावरण में प्रदूषण नियंत्रण के लिए भी सख्त नियम होते हैं। प्लांटों के संचालन में नियमों का पालन कराने के लिए विभागीय अधिकारी भी हैं लेकिन जांच करने एवं नियमों का पालन कराने में बरती जा रही लापरवाही से न सिर्फ नागरिक परेशान होते हैं बल्कि कई तरह की बीमारियों की चपेट में भी आ जाते हैं। कुछ ऐसी ही विसंगतियां जिले के कैमोर क्षेत्र में चल रहे चूना भट्टों में बरती जा रही हैं। इस क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक गांवों में चूना भट्टों से निकलने वाला जहरीला धुआं लोगों के स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण स्थानीय निवासियों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और खांसी जैसी बीमारियां हो रही हैं। इतना ही नहीं शहर से लेकर गावों में



संचालित होने वाले क्रेशर प्लांट, पुट्टी प्लांट व फैक्टियों में नियमों को धता बताया जा रहा है। इसके बावजूद प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, खनिज विभाग और जिला प्रशासन इस ओर कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

ग्रामीणों का कहना है कि हवा में धूल और चूने के महीन कण घुलने के कारण अस्थमा और फेफड़ों की बीमारियां बढ़ रही हैं। कई बच्चों और बुजुर्गों को खांसी, गले में जलन, आंखों में चुभन और त्वचा संबंधी समस्याएं हो रही हैं। लगातार प्रदूषण के संपर्क में रहने से टीबी, फेफड़ों में संक्रमण और कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। प्रदूषण के कारण फसलें प्रभावित हो रही हैं, पशुओं के लिए चारा भी दूषित हो रहा है, जिससे पशुधन पर भी बुरा असर पड़ रहा है। चूना भट्टों का संचालन बिना पर्यावरणीय अनुमति का पालन किए और सुरक्षा मानकों को ताक में रखकर किया जा रहा है। प्रभावित गांवों के निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इन अवैध चूना भट्टों को बंद किया जाए। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया, तो वे सडक़ पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे।

#### नियमों का पालन नहीं

चूना भट्टों को आबादी से दूर लगाया जाना चाहिए, लेकिन इन्हें गांवों के नजदीक संचालित किया जा रहा है। चिमनी की ऊंचाई तय मानकों के अनुरूप होनी चाहिए, जिससे धुआं ऊंचाई तक जाकर वायुमंडल में फैल सके। धुएं को शुद्ध करने के लिए प्रदूषण नियंत्रण प्रणाली (फिल्टर सिस्टम) होना चाहिए, लेकिन अधिकांश कंपनी में ऐसा कोई सिस्टम नहीं है। खनिज विभाग और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति आवश्यक होती है, लेकिन कई भट्टों मानकों की अनदेखी कर संचालित हो रहे हैं।



## धर्मांतरण मामले में की जाएगी सख्त कार्यवाही : व्हीडी शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा का शुक्रवार कों कटनी नगर आगमन सड़क मार्ग द्वारा बजरंग नगर, कटनी मे हुआ। सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने स्थानीय कार्यक्रमों मे हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने माधव नगर सर्किट हॉउस पहुंच कर पत्रकारों से चर्चा की और उनके सवालों के जबाब भी दिए। जहाँ पर भोपाल में लव जिहाद और जबरन धर्मांतरण के मामले पर प्रदेश अध्यक्ष ने सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि यह घटना अत्यंत गंभीर है, इसमें संलिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

सांसद वी. डी. शर्मा ने कहा कि जिस तरह संगठित होकर बेटियों को गुमराह कर जबरन धर्मांतरण का दबाव डाला गया है, ऐसे लोगों को सरकार सख्ती से निपटेगी। इस मामले को लेकर प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा ने पुलिस कमिश्नर से चर्चा की है। उनका कहना है कि दोषियों को किसी भी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। घटना की जानकारी मुख्यमंत्री को भी है। मामले की जांच पुलिस प्रशासन द्वारा की जा रही है और एसआईटी का गठन कर दिया गया है। एसआईटी के माध्यम से दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वी. डी. शर्मा ने कहना हैं कि ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वालों को खोज-खोज कर उन्हें सजा दी जाएगी। सांसद एवं प्रदेश अध्यक्ष वी. डी. शर्मा मुख्य रूप से जिले में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे।

### कुठला पुलिस ने की कार्यवाही, आटो भी किया गया जब्त

## 3 युवकों से जब्त की गई 44 हजार की रूपए की शराब, आरोपितों को भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कुठला पुलिस ने आटो से शराब का अवैध रूप से परिवहन करते हुए तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों पर पहले से ही अपराधिक रिकार्ड है। थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में कुठला पुलिस ने रात्रि में भ्रमण के दौरान लमतरा पुराना रेल्वे फाटक ब्रिज के नीचे आटो क्रमांक MP 21 R 1413 खड़ी थी जिसमे दो लड़के बीच की सीट मे बोरिया पकड़े तथा चालक की सीट मे एक लड़का बैठे थे जो तीनों पुलिस को देखकर सकपका गये तथा भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे घेराबन्दी कर पकड़ा गया।



नाम पता पूछने पर अपना नाम सोनू भारती पिता चौबे लाल भारती 23 साल निवासी ज्ञान विद्या मंदिर के पास भारत चौक थाना रंगनाथ नगर कटनी, सौरभ चौधरी पिता बाबू लाल चौधरी 22 साल निवासी ज्ञान विद्या मंदिर के पास भारत चौक थाना रंगनाथ नगर कटनी रोहित चौधरी पिता रामचरण चौधरी 30 साल निवासी इंद्रानगर गली नम्बर 5 थाना कुठला का होना बताये जिनकी तलाशी लेने पर आटो में प्लास्टिक की बोरियों में कुल 445 पाव मदिरा प्लेन यानी 80 लीटर 100 मिलीलीटर कीमत 44,500 रूपये व आटो को जप्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायालय पेश किया गया जहाँ से आरोपीगण को जेल भेज दिया गया है।

आरोपी रोहित चौधरी के विरुद्ध 10 प्रकरण, सौरभ चौधरी के विरुद्ध पांच प्रकरण, और सोनू भारती के विरुद्ध दो प्रकरण थाना कुठला ,रंगनाथ एवं कोतवाली थानों में पंजीबद्ध हैं।

कार्यवाही थाना प्रभारी कुठला निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में की गई जिसमें सहायक उप निरीक्षक श्याम नारायण सिंह, आरक्षक सतेन्द्र सिंह, पुष्पेन्द्र त्रिपाठी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

## जंगल में लगी आग ने घर तक पहुंची, पहुंचे अधिकारी



रीठी तहसील के वसुधा जंगल क्षेत्र में लगी आग ने एक किसान का मकान के चपेट में ले लिया। ग्रामीणों ने जैसे ही आग की लपटें देखीं तुरंत इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग और तहसील रीठी की टीम मौके पर पहुँची और फायर ब्रिगेड को बुलाया गया। फायर ब्रिगेड की टीम ने टैंकर के माध्यम से आग बुझाने का कार्य शुरू कर दिया है हालांकि आग की लपटें अभी भी जंगल के अंदर की ओर फैल रही हैं जिसे नियंत्रित करने के लिए प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इस हादसे में किसी जानमाल की हानि की सूचना नहीं मिली है, लेकिन किसान को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है प्रशासन ने आग के कारणों की जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर तहसीलदार ग्राम पंचायत सचिव पुलिस एवम वन विभाग की टीम मौके पर रही।

## जल संकल्प यात्रा निकाल किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा सेक्टर क्रमांक 3 में परामर्शदाता, नवांकुर संस्था एवं प्रस्फूटन समिति एवं विकासखंड समन्वयक बबीता शाह के मार्ग दर्शन में एवं छात्रों के सहयोग से जल संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया जो कि सिलोड़ी आंगनवाड़ी के पास छोटी मढिया से प्रारंभ की गई जिसमें ग्राम के शिक्षक गण छात्राएं एवं सीएमसीएलडीपी छात्र व ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

इस जल संकल्प यात्रा का उद्देश्य ग्राम के लोगों को जल संरक्षण का संदेश देना रहा यह यात्रा सिलोड़ी गांव में भ्रमण करते हुए। ग्राम में नेगई पहुंची जहां पर ग्राम पंचायत भवन में जन संवाद का आयोजन किया गया जिसमें ग्रामीणों




को जल संरक्षण एवं जल बचाने हेतु प्रेरित किया गया नेगई के पश्चात ग्राम पाली में मढ़िया स्थल से जल संकल्प यात्रा का भ्रमण पूरे गांव में करते हुए ग्राम की नदी में सेक्टर स्तरीय जल संकल्प यात्रा का समापन दीपदान द्वारा किया गया। जिसमें गांव की महिलाओं एवं ग्रामीण लोगों के द्वारा गांव में जल संरक्षण के नारे लगाते हुए लोगों को जल संरक्षण का संदेश दिया गया।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सिलौंडी उपसरपंच राहुल राय , शालिग्राम तिवारी सचिव ,जनशिक्षक संतोष बर्मन, श्रीलाल,विनोद बागरी सचिव की सहभागिता रही एवं ग्राम पंचायत जी आर एस , सचिव, ग्राम पंचायत सचिव पाली एवं अमरीश राय सहायक सचिव, धीरज जैन नेगई रामशरण राजभर ग्रामीण के लोग की उपस्थिति रही।

### आंगनबाड़ी केन्द्र में आयोजित कार्यक्रम में दी गई जानकारी

## किशोर अवस्था में होने वाले परिवर्तनों की दी जानकारी, पोषण का भी बताया महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा संचालित राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के आउटरीच प्रोग्राम आगनवाड़ी केंद्र पिपरिया सहलावन में आयोजित किया गया। उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उमंग स्वास्थ्य केन्द्र के परामर्शदाता पुष्पेन्द्र अग्रवाल ने किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने किशोर विद्यार्थियों को बताया कि किशोर लड़कियों और लड़कों में अधिक वजन और मोटापा नहीं होना चाहिए।इसके लिए पोषण में सुधार होना जरूरी है।

यौन और प्रजनन स्वास्थ्य को



सक्षम बनाना जरूरी है,इसके लिए किशोरावस्था में गर्भधारण में कमी लाना चाहिए।किशोरावस्था में मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का समाधान समय पर होना आवश्यक है।किशोरों में चोटों और हिंसा को रोकने के लिए अनुकूल दृष्टिकोण को बढ़ावा देना चाहिए।मादक पदार्थों के दुरुपयोग के प्रतिकूल प्रभावों और परिणामों के बारे में किशोरों को जागरूक रहना चाहिए।

#### दी गई महत्वपूर्ण जानकारी

किशोरों में निरतंर व्यवहार परिवर्तन होने से कैंसर, मधुमेह,हृदय-संवहनी रोग और स्ट्रोक जैसी गैर-संचारी बीमारियों से बचा जा सकता है। परामर्शदाता पुष्पेन्द्र अग्रवाल ने उमंग हेल्पलाइन नंबर 14425 और मानसिक हेल्पलाइन नंबर 14416 को लेकर भी जानकारी दी। उन्होंने 10 वर्ष से 19 वर्ष तक के सभी किशोर लड़कियों और लड़कों को उमरियापान सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के उमंग स्वास्थ्य केंद्र में पहुँचकर परामर्श और स्वास्थ्य सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर आगनवाड़ी कार्यकर्ता सीमा पटेल, फूल बाई पटेल, आशा कार्यकर्ता तुलसा बाई मेहरा सहित महिलाओं की उपस्थिति रही।

### एक जिला एक औषधि उत्पाद के तहत प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

## किसानों की उन्नति एवं आत्मनिर्भर बनाने दिया जा रहा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

औषधीय खेती को बढ़ावा देने एवं किसानों की आर्थिक उन्नति एवं आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय औषधि पादप बोर्ड और म.प्र. राज्य औषधि पादप बोर्ड भोपाल के तत्वाधान में आयुष विभाग द्वारा देवारण्य योजना के अंतर्गत एक जिला एक औषधि उत्पाद के तहत जिला आयुष कार्यालय में अश्वगंधा की खेती का 2 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ शुक्रवार 25 अप्रैल को किया गया।

कार्यशाला का उदघाटन वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ. अजय कुमार तोमर ने भगवान धनवंतरी जी की पूजा अर्चना एवं माल्यार्पण कर किया। पूजन पश्चात जिला आयुष अधिकारी डॉ. रितु द्विवेदी के द्वारा




देवारण्य योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए एक जिला एक औषधि उत्पाद तथा जिला एवं विकासखंड प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूप रेखा से अवगत कराया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आयुष विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहें।

डॉ. तोमर ने कार्यक्रम में उपस्थित सदस्यों को अश्वगंधा की वैज्ञानिक खेती एवं इसके औषधीय महत्व और आर्थिक लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। डॉ. तोमर ने कहा किअश्वगंधा न केवल आयुर्वेद में एक शक्तिशाली रसायन है बल्कि ये किसानों के लिए आर्थिक उन्नति एवं आत्मनिर्भर बनाने हेतु एवं आर्थिक समृद्धि का द्वार भी खोल सकता है। कटनी जिले को अश्वगंधा उत्पादन का केंद्र बनाने की दिशा में यह प्रशिक्षण एक महत्वपूर्ण कदम है।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर आत्मा रजनी चौहान द्वारा अश्वगंधा की खेती एवं उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सुश्री चौहान ने खेती की आधुनिक तकनीकी और बाजार के पहुंच के महत्व पर जोर दिया। प्रशिक्षण के क्रम में अतुल सिंह द्वारा अश्वगंधा की खेती, कटाई, संग्रहण, भंडारण, प्राथमिक संस्करण तथा विपणन आदि विषयो पर मास्टर ट्रेनर्स को विस्तृत जानकारी दी गई। मास्टर ट्रेनर्स के रूप में आयुष विभाग के सभी ब्लॉक स्तरीय नोडल अधिकारी डॉ. प्रेम सिंह राठौर, डॉ. प्रशांत कुमार, डॉ. हेम सिंह, डॉ. प्रशांत कुमार दुबे, डॉ. गुलशेर अहमद, डॉ. वंदना सिंह, डॉ. जितेन्द्र कुमार बंसल उपस्थित हुए तथा एनजीओ मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह, चन्द्रपाल कुशवाहा, अनिल कर्मा, इन्द्रजीत पटेल एवं हीरामणि हल्दकार सचिव मंथन विकास समिति द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त किया गया। आगामी दिवसों में विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषको एवं सहायता समूह के सदस्यों एवं वन समितियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।



## खदान में डूब गया युवक, रेस्क्यू टीम ने की तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

रंगनाथ थाना अंतर्गत कंचन खदान में एक 22 वर्षीय युवक डूब गया। जानकारी के अनुसार युवक मिर्गी की बीमारी से पीड़ित था। मृतक राहुल कोल 24 अप्रैल को घर से निकला था। परिजनों का कहना था कि राहुल पेमेंट लेने लिए घर से निकला था रास्ते मे जाते समय उसे मिर्गी आने के कारण वह खदान में गिर गया जिस कारण उसकी डूबने से मौत हो गई।

शुक्रवार की दोपहर युवक के कंचन खदान में डूबने की सूचना रंगनाथ पुलिस को मिली जिसके बाद एनडीआरएफ टीम को भी सूचित किया । शव निकालने का कार्य रेस्क्यू टीम द्वारा जारी है। इस दौरान लोगो की भीड़ लगी रही।

## खबर संक्षेप

### 8 सालों से फरार स्थायी वारंटी गिरफ्तार

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने 8 वर्षों से फरार चल रहे स्थाई वारंटी पिंकी उर्फ राकेश कोल को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में एनकेजे पुलिस लगातार स्थाई वारंटियों की धर पकड़ के लिए प्रयासरत है। इसी क्रम में वर्ष 2017 से फरार स्थाई वारंटी ग्राम पड़रिया निवासी 22 वर्षीय पिंकी उर्फ राकेश कोल पिता भारत कोल को 24 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया। वारंटी को गिरफ्तार कर कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### बारातियों से भरी पिकअप पलटी, एक की मौत, दो दर्जन घायल

**कटनी।** बारातियों से भरी एक पिकअप पलट गई। हादसे में पिकअप सवार 25 लोग घायल हो गए जबकि एक की मौत हो गई। घायलों का इलाज जिला चिकित्सालय में जारी है। हादसा बड़वारा थाना अंतर्गत नेगवां के पास हुआ। जानकारी के मुताबिक बड़वारा थाना अंतर्गत ग्राम बिजौरी से गौंटिया परिवार की पुत्री का तिलक लेकर परिजन पिकअप में सवार होकर कटनी में आरटीओ ऑफिस के पास मझगवां फाटक जा रहे थे। 24 अप्रैल की रात लगभग आठ बजे ग्राम नैगवां के समीप सड़क पर बैठी भैंस को बचाने के चक्कर में तेज रफ्तार से जा रही पिकअप पेड़ से जा टकराई और पलट गई। इस घटना में पिकअप सवार चालक सहित सभी घायल हो गए। जिन्हें बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार देने के बाद जिला चिकित्सालय भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत होने की भी खबर सामने आई है। घटना में घायल हुए लोगों एवं मृतक का नाम खबर लिखे जाने तक सामने नहीं आ सका। घायलों के बयान दर्ज करते हुए पुलिस के द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### चार लापता बालिका एवं बालकों को किया दस्तयाब

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने चार लापता बालक एवं बालिकाओं को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया है। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा गुम बालक, बालिका, महिला, पुरूष की दस्तयाबी के लिये विशेष अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी एन.के. जे. द्वारा अलग अलग टीम गठित की गई। 23 अप्रैल व 24 अप्रैल को प्रत्येक टीम के विवेचना अधिकारियों द्वारा रवाना होकर गुमइंसानों के वर्तमान निवास एवं कार्यस्थान पहुंचकर अलग अलग स्थान क्रमशः बांदकपुर जिला दमोह, गोविंदगढं जिला रीवा से 2 एवं जिला कटनी से 2 गुमइंसान कुल 4 गुमशुदा को दस्तयाब कर प्रत्येक गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी उप.निरी. अनिल यादव, सउनि केवल उईके, प्रआर. राजकुमार शर्मा, प्रआ. राजेन्द्र सोनी, प्रआर प्रहलाद सैय्याम, प्रआर. प्रमोद सिंह, आर. सुजीत रजक की अहम भूमिका रही।

### पीएम सुरक्षा बीमा योजना में हितग्राहियों से बीमा नवीनीकरण की अपील

**कटनी।** प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाय) और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाय) के हितग्राहियों से बीमा नवीनीकरण हेतु अपील की गई है। साथ ही प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के सभी सम्मानित हितग्राहियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने बीमा पॉलिसियों को सक्रिय रखने के लिए अपने बैंक खातों में आवश्यक न्यूनतम शेष राशि बनाए रखें। इस हेतु दोनों बीमा योजनाओं का वार्षिक प्रीमियम राशि पीएमएसबीवाय हेतु 20 रूपए एवं पीएमजेजेबीवाय हेतु 436 रूपए जिसमें खाते में कुल राशि 456 रूपए शेष जमा रखना अनिवार्य है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि पीएमएसबीवाय और पीएमजेजेबीवाय पॉलिसियों का वार्षिक नवीनीकरण 1 मई से 31 मई के बीच किया जायेगा।

उमरियापान थाना अंतर्गत ग्राम महनेर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने चोर को पकड़ा

# पकड़ा गया शातिर चोर, 1.63 लाख नकदी एवं लाखों के जेवरात बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

उमरियापान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम महनेर में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के पास से चोरी किये गए जेवरात भी पुलिस ने बरामद कर लिये हैं। चोरी की वारदात बीते 22 अप्रैल को हुई थे। शिकायत के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच पड़ताल शुरू की और घटना के महज 72 घंटे के अंदर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पकड़े गए चोर ने चोरी के माल को चोर के निर्माणधीन मकान से बरामद किया।



### ताड़ा तोड़कर की थी चोरी

पुलिस के अनुसार ग्राम महनेर निवासी हरभजन काछी पिता राम गोपाल काछी 70 वर्ष ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई, कि उसके घर का ताला तोडकर अज्ञात चोर ने कमरे में रखे जेवर सोने की पंचाली, पेन्डल, अंगूठी, झुमकी, सोने की चेन, चांदी की पायल दो जोडी, चांदी के सिक्के व नगदी रुपये चोरी कर लिया है। शिकायत के आधार पर उमरियापान पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331(4), 305A B.N.S. के तहत प्रकरण दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की।

### चोर को पकड़ने सक्रिय हुई पुलिस

घटना प्रकाश में आते ही उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने घटना की जानकारी वरिष्ट अधिकारियों को दी। पुलिस अधीक्षक अभिजीत रजंन के दिशा निर्देशन, अति.पु. अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस स्लीमनाबाद प्रभात कुमार शुक्ला के मार्गदर्शन में तत्काल थाना उमरियापान पुलिस ने अज्ञात आरोपी व चोरी गये समान की तलाश शुरू की।

### नकदी व जेवरात बरामद

तलाशी के दौरान ग्राम महनेर से संदेह के आधार पर प्रिंस उर्फ विक्की तिवारी पिता राजेश उर्फ रज्जू तिवारी 21 वर्ष से पूछताछ की गई। सख्ती से पूछताछ के दौरान उसने जुर्म स्वीकार करते हुये चोरी किए गए माल को अपने घर के पीछे बने निर्माणाधीन मकान में छिपकर रखना बताया। उक्त आरोपी से सोने चादी के जेवरात एवं नगदी 163400 रुपये कुल मशरुका 4 लाख 42 हजार 600 रुपये का जप्त किया गया। बाद आरोपी प्रिंस उर्फ विक्की तिवारी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### कार्यवाही ये रहे शामिल

कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना प्रभारी उप.नि. सिद्धार्थ राय, कार्य. सउनि. गया प्रसाद मंगोरे, कार्य.प्र.आर. आशीष झारिया, कार्य.प्र.आर. अजय सिंह, आर. योगेश पटेल, आर. जगन्नाथ भट्टे, आर. मनोज कुम्हरे आर. रोहित झारिया, आर. अनिल पाण्डेय की विशेष भूमिका रही।



# आतंकवाद का जलाया गया पुतला, जताया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मुड़वारा ब्लॉक कांग्रेस एवं जिला शहर अल्पसंख्यक कांग्रेस के तत्वाधान में जिला अध्यक्ष आफताब चोखे भाईजान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गुलाम जफर की अगवाई में कटनी शहर के मिशन चौक में आतंकवाद का पुतला दहन किया गया जिस पर मुस्लिम समाज के कई वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अफताब भाई जान ने कहा कि कश्मीर में आतंकवादियों द्वारा की गई हत्या ने देश को झकझोर दिया है जिसका हम सब विरोध करते हैं

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष गुलाम जफर ने कहा हमारा मुस्लिम समाज आज भारत देश के साथ खड़ा है पाकिस्तान के खिलाफ हिंदुस्तान की सरकार जो भी निर्णय लेगी हम सब लोग उनके साथ है

**कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ ने किया विरोध**

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर विशेष रूप से प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री कैस अहमद लिपपू भाई, अब्दुल रहीम मोजन, शकील भाईजान हाजी नूर उल हक अजमेर भाई सपक कुरैशी मुफीद कुरैशी ईशा खान सिकंदर भाई पूर्व पार्षद नासिर खान इलियास भाई मोहसिन भाई अरशद भाई आफताब अली तैयब भाई मोहम्मद सलीम मोहसिन खान फैजान फरहान मोहम्मद शरीफ नादिर भाई जान चिप वाले हाशिम भाई जमाल भाई अन्य अल्पसंख्यक के लोगों ने आतंकवाद का पुतला दहन किया।

*जिला रजिस्ट्रार जन्म मृत्य ने जारी किया आदेश*

# निजी अस्पतालों एवं प्रसूति संस्थानों को 21 दिन के अंदर देनी होगी जन्म अथवा मृत्यु घटना की सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिला रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु एवं जिला योजना अधिकारी पवन कुमार अहिरवार ने जिले में संचालित समस्त निजी अस्पतालों एवं प्रसूति संस्थानों को पत्र के माध्यम से संस्थान में होने वाली जन्म अथवा मृत्यु की सूचना प्रदान करने हेतु सूचना दाता अधिकृत का जन्म सूचना तथा मृत्यु सूचना की सूचना व मृत्यु के कारणों का चिकित्सा प्रमाण पत्र आवश्यक दस्तावेज सहित संबंधित रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु को अधिकतम 21 दिनों के अंदर प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया है। साथ ही इन निर्देशों की अवहेलना किये जाने पर अधिनियम की धारा के अंतर्गत शास्ति अधिरोपित किये जाने की आवश्यक कार्यवाही किए जाने हेतु सूचित किया गया है।

### नहीं दी जाती सूचना

प्रेषित पत्र में उल्लेखित किया गया है कि प्रायः देखने में आ रहा है कि जिले की निजी स्वास्थ्य प्रसूति संस्थानों द्वारा संबंधित क्षेत्र के रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु को जन्म, मृत्यु की घटना की सूचना नहीं दी जाती अपितु शिशु, मृतक के परिजनों को स्वयं रजिस्ट्रार को सूचित करने हेतु सलाह दिए जाने के फलस्वरूप जनसाधारण को निर्धारित समय-सीमा में प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है। जबकि महारजिस्ट्रार कार्यालय नई दिल्ली द्वारा जारी पत्रानुसार जन्म, मृत्यु पंजीयन के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु जिले की समस्त पंजीयन इकाइयों में निर्धारित समय पर जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का पंजीयन करने का उल्लेख किया गया है।

### जिले के इन अस्पताल को भेजी गई सूचना

जिला रजिस्ट्रार जन्म मृत्यु एवं जिला योजना अधिकारी नें जिले में संचालित जिन निजी अस्पतालों एवं प्रसूति संस्थानों को सूचित किया है उनमें ए.पी.सी.ए नर्सिंग होम, अपेक्स हॉस्पिटल, आशीर्वाद नर्सिंग होम, बाबा माधव शाह चिकित्सालय, बजाज मैटरनिटी एंड इनफर्टिलिटी सेंटर, धार्मलोक हॉस्पिटल प्राईवेट लिमिटेड, डॉ. रूपा लालवानी नर्सिंग होम, जी.जी नर्सिंग होम प्राईवेट लिमिटेड, जीडी मेमोरियल मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, गौरी हॉस्पिटल एंड मेटरनिटी होम, गुप्ता नर्सिंग होम, गुरुकृपा हॉस्पिटल, हरचंदानी हॉस्पिटल एंड नर्सिंग होम, जीवन ज्योति हॉस्पिटल, कटनी लाईफ केयर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, कटनी नर्सिंग होम मां दुर्गा हॉस्पिटल का नाम शामिल है।

इसके अलावा मां लक्ष्मी हॉस्पिटल, एम.जी.एम हॉस्पिटल, नवजीवन हॉस्पिटल, ओम शांति हॉस्पिटल, पुष्पांजलि नर्सिंग होम, रंजन हॉस्पिटल, शारदा हॉस्पिटल, श्री हॉस्पिटल, श्रीराम मल्टी स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल, स्पर्श मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, स्टार रिकवरी होम, वैश्य हॉस्पिटल, वर्धमान हॉस्पिटल, विदेश न्यूरो स्पाइन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल, विजय मेमोरियल हॉस्पिटल का नाम शामिल है।

## आपसी राजीनामा से प्रकरणों का कराये निराकरण



जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में एचडीएफसी, फ्यूचर जनरली, एसबीआई, यूनिवर्सल सौम्पो, टाटा एआईजी, बजाज ऐलियांज, श्रीराम जनरल, भारतीय एक्सा, रायल सुंदरम, रिलायंस जनरल, इंश्योरेंशन बीमा कंपनी के अधिकारियों एवं आवेदक अधिवक्ताओं की लोक अदालत पूर्व राजीनामा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में बीमा कंपनी के अधिकारी अधिवक्ता एवं अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ कटनी अमित शुक्ला सहित अधिक संख्या में आवेदक अधिवक्ता ने शामिल होकर न्यायालय में लंबित मोटर दावा दुर्घटना प्रकरणों के राजीनामे के आधार पर निराकरण हेतु चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना व्यक्त की गई। बैठक में नीरज कुमार शर्मा जिला न्यायाधीश की उपस्थिति रही। इस दौरान सचिव सुमित शर्मा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन ने 10 मई को होने वाली लोक अदालत में प्रकरणों को आपसी समझौते से निराकरण करने आव्हान किया।

# पौंसरा में रैली, संगोष्ठी और श्रमदान के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

विकासखंड कटनी के सेक्टर क्रमांक एक मझगवां फाटक अंतर्गत ग्राम पौंसरा में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अधिकतम वर्षा जल संरक्षण के लिए जागरूकता हेतु ग्राम में रैली का आयोजन किया गया। आयोजित गतिविधियों में नवांकुर संस्था दृष्टि मानव विकास समिति देवडोंगरा के समन्वय ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति पौंसरा, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बोहता और मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के परामर्शदाता और छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा। कार्यक्रम में जल बचाओ, जीवन बचाओ, जल है, तो कल है, दादा-दादी करें गुहार, जल बचाओ बारंबार आदि नारों के उद्घोष के



माध्यम से जल संरक्षण का संदेश देते हुए ग्राम भ्रमण किया गया।

उपस्थित लोगों द्वारा ग्राम के तालाब में श्रमदान करते हुए साफ-सफाई कर अंतिम चरण में ग्राम पंचायत भवन में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मध्य प्रदेश शासन के द्वारा 30 जून तक चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए प्राकृतिक जल स्त्रोतों की साफ-सफाई गहरीकरण व अन्य जल सूत्रों के रखरखाव का आह्वान किया गया। साथ ही बताया गया कि घर-घर में सोख्ता गड्ढा बनाकर किस तरह अधिकतम वर्षा जल को बचाया जा सकता है। ग्रामवासियों ने तालाब या अन्य किसी प्राकृतिक जल स्त्रोतों में मूर्ति, जवारा, कजलियां, पूजन सामग्री सहित अन्य सामग्री का विसर्जन न करने का संकल्प लिया।

*महिला एवं बाल विकास विभाग की बैठक का हुआ आयोजन*

# ई-केवाईसी कराने वाले नागरिकों को ही मिलेगा शासकीय योजनाओं का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

समग्र ई -केवाईसी कर पात्र नागरिकों को शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशन में वार्डों में आयोजित किए जा रहे शिविरों एवं लंबित ई- केवाईसी के प्रकरणों की समीक्षा कर निगमायुक्त नीलेश दुबे की जाकर नागरिकों के ई-केवायसी के कार्य को मिशन मोड पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान नोडल राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, प्र परियोजना अधिकारी श्रीमती अनुपमा आटे, योजना अधिकारी रविशंकर पांडेय, ई-गवर्नेंस अधिकारी संदीप पाठक मौजूद रहे।

आयुक्त श्री दुबे ने महिला बाल विकास एवं निगम अधिकारियों को




निर्देशित किया कि समग्र आई.डी की ई-केवायसी पूर्ण नहीं करने वाले नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सुविधा का लाभ नहीं मिल सकेगा इस बात को दृष्टिगत रखते हुए नगर के शेष नागरिकों की ई-केवाईसी के कार्य को और अधिक गति प्रदान कर शीघ्रता से पूर्ण करें इस कार्यवाही के दौरान डुप्लीकेट आईडी डिलीट की जांच उन्हें डिलीट करने की कार्यवाही की जाए।

### निशुल्क ई-के.वायसी की सुविधा

नागरिकों को अब समग्र ई-केवाईसी कराने की सुविधा शिविर के साथ -साथ अब नगर निगम के संपत्तिकर जलकर, विविध काउंटर सहित जन्म मृत्यु शाखा विवाह पंजीयन, ट्रेड लाइसेंस खाद्य शाखा, पेंशन शाखा, संबल शाखा,प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय सहित नगरीय सुविधा प्रदान करने वाले अन्य काउंटर से प्राप्त की जा सकेगी।

इस संबंध में निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे ने एक आदेश जारी कर संबंधित शाखा प्रमुखों को विभागीय कार्य संपादन के साथ-साथ उनकी शाखा में आने वाले नागरिकों से समग्र ई-केवाईसी के संबंध मे जानकारी प्राप्त कर नहीं होने पर ई-के.वाय.सी का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए है।

निगमायुक्त श्री दुबे ने विभागीय अधिकारियों को इस कार्य हेतु पृथक से रजिस्टर संधारित कर दैनिक प्रगति रिपोर्ट से अवगत कराने तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं करने हेतु निर्देशित किया है।

महापौर प्रीति संजीव सूरी,निगमाध्यक्ष मनीष पाठक एवं आयुक्त शनीलेश दुबे ने सभी शेष नागरिकों से अपने निकटतम लगाये जा रहे शिविरों में पहुँच कर ई केवायसी कराये जाने की अपील की है ताकि विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के लाभ से कोई भी पात्र नागरिक वंचित ना रहे।

## कलेक्टर ने सिहुड़ी पहुंचकर 123 ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

# अवैध शराब की बिक्री से हो रहे झगड़े, कार्यवाही की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने बहोरीबंद के ग्राम सिहुड़ी पहुंच कर, लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में 123 ग्रामीणों की समस्यायें सुनी। जनसंवाद कार्यक्रम में यहां आस-पास के गांवो से पहुंचे 123 आवेदकों ने कलेक्टर श्री यादव को अपनी समस्यायें बताई एवं आवेदन दिए। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने संबंधित विभागों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिपं सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम राकेश कुमार चौरसिया सहित अधिकारी मौजूद रहे।

ग्राम बसेहड़ी निवासी सूरज प्रसाद, गुलाबसिंह लोधी, रामसजीवन एवं अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन के माध्यम से बताया कि हमारे गांव में लगभग 1



वर्ष से ट्रांसफार्मर बंद पड़ा हुआ है। जबकि गांव में 90 कनेक्शनधारी है। बिजली विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अवगत कराये जाने पर भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बिजली न मिलने के कारण बच्चों एवं समस्त परिवारों को भीषण गर्मी में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिस पर कलेक्टर ने बिजली विभाग को समय- सीमा में कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

ग्राम बरतरी निवासी केशरबाई पति रामदास मेहरा ने कलेक्टर श्री यादव को दिये अपने आवेदन में बताया कि ग्राम मनगवां पटवारी हल्का नं. 22 स्थित भूमि जिसका खसरा नं. 5 रकवा 0.56 हेक्टेयर है, मेरे नाम पर दर्ज है। नायब तहसीलदार द्वारा आदेश के बाद मुझे कब्जा नहीं दिया गया बल्कि विपक्षियों द्वारा फर्जी सीमांकन करवाकर कमिश्नर कार्यालय जबलपुर में अपील करवा दी गई। 7 वर्ष मुकदमा लड़ने के पश्चात मेरी विजय हुई। परंतु मुझे बगैर सूचना दिये सीमांकन करवाकर मेरी भूमि हल्का नं. 21 में बताई जा रही है। जबकि खसरा नं. 5 के पश्चिम में हल्का नं. 25 है। जिस पर कलेक्टर ने एसडीएम को नक्शासुधार का आवेदन लेकर समयावधि में निराकरण के निर्देश दिए।

### शराब बिक्री बंद करायें

ग्राम पंचायत बरतरा निवासी पूजाबाई, गिरधारी, कृष्णकुमार एवं अन्य ग्रामीणों ने कलेक्टर को आवेदन देकर बताया कि गांव में शराब बिकने की वजह से लड़ाई-झगड़े होते हैं एवं गांव का माहौल खराब हो रहा है। साथ ही स्कूल के पास भी शराब बेची जा रही है। इसलिए शराब की बिक्री बंद कराई जाये। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने जिला आबकारी अधिकारी को समय-सीमा में शिकायत के निराकरण के निर्देश दिये।

ग्राम सिंहुड़ी निवासी रामचरण ने कलेक्टर को लोक सुनवाई के दौरान आवेदन देते हुये मांग की, कि मैं अनुसूचित जाति का गरीब कृषक हूँ एवं अपने खेतों में सिंचाई के लिए मेरे पास पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। कोरोना के बाद मेरी आर्थिक स्थिति पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा है। इसलिए मेरे खेत में बोर कराया जाये। जिस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम बहोरीबंद को समय-सीमा में नियमानुसार और उचित कार्यवाही के निर्देश दिए।

# चाकू लेकर दहशत फैला रहे बदमाश को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

चाकू लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की नीयत से घूम रहे एक युवक को एनकेजे पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल यादव ने बतया कि पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन द्वारा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु आदतन अपराधिक प्रवृत्ति के लोगो व गुण्डा निगरानी बदमाशो पर निगाह रखे जाने हेतु निर्देशित किया गया है जिसके परिपालन में, अति पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना क्षेत्र में लगातार अवैध गतिविधियो पर कार्यवाही की जा रही है ।

गत दिवस मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि नई मल्टी संजय निंकुज नर्सरी के पास एक व्यक्ति हाथ में चाकू लेकर घूम रहा है जो जनमानस को भयभीत कर रहा है कि सूचना तस्दीक वास्ते हमरहा स्टाफ संजय निकुंज नर्सरी के पास पहुचकर आरोपी को घेरा बंदी कर पकड़ा गया एवं नाम पता पूछने पर अपना नाम विवेक सिंह ठाकुर पिता हुकुम सिंह ठाकुर उम्र 26 साल निवासी छोटी खिरहनी थाना एनकेजे कटनी का होना बताया आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू बरामद कर जप्त कर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया गया आरोपी के विरूद्ध 25 आर्मस एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। आरोपी को न्यायालय पेश किया जाता है।

कार्यवाही में थाना प्रभारी उनि अनिल यादव, सउनि मनोज कुड़ापे, सउनि सहपाल परतेती, प्र. आर. राजेश चौधरी, प्रहलाद सैयाम, आरिफ हुसैन की भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम पथरिया में अब 18 मई को

**दमोह।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पथरिया से कहा है मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह आयोजन हेतु जिले की पथरिया विधानसभा क्षेत्र में 18 मई 2025 दिन रविवार को कृषि उपज मंडी परिसर पथरिया दमोह में आयोजन की पूर्व नियत तिथि में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन कर 12 मई 2025 दिन सोमवार तिथि नियत की गई है। संशोधित तिथि 12 मई 2025 में कृषि उपज मंडी परिसर पथरिया में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेल आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा है आयोजन में योजना की नियमों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये आयोजन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता तथा आयोजन में सम्मलित होने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने निर्देशित किया आयोजन में मंत्री जी एवं जनप्रतिनिधियों के साथ सम्माननीय व्यक्तियों को निकाय स्तर के आयोजन सम्मान पूर्वक आमंत्रित किये जाने संबंधी संपूर्ण कार्यवाही आयोजक निकाय की होगी, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। इस संबंध में समय-समय पर जिला कार्यालय को आयोजन संबंधी जानकारी से अवगत कराया जाये।

### जनपद मार्ग दुर्दशा का शिकार, उपयंत्री बोले आज से शुरू हो जाएगा मुख्य मार्ग से शिक्षक कॉलोनी तक मार्ग का काम

# 2 साल से सड़क पर उड़ रही धूल, मिट्टी से लोगों को सांस लेने में होने लगी दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा



प्रधानमंत्री ग्रामीण योजना के तहत नगर से 12 किलोमीटर दूर इमलीडोल गांव तक डामर सड़क का निर्माण लगभग 18 वर्ष पहले किया गया था। जिसमें नगर की डेढ किलोमीटर की सड़क भी शामिल थी। इस डेढ किलोमीटर की सड़क से लोग काफी हैरान परेशान है पहले नगर परिषद का कहना था कि प्रधानमंत्री सड़क है। प्रधानमंत्री सड़क वालों का कहना था कि नगर परिषद की सड़क है। इसी विवाद में सड़क की देखरेख नहीं हो पाई, अब नगर परिषद कहती है इतना बजट नहीं आता की सड़क बन सके जिसके कारण वर्तमान समय में उक्त सड़क की हालत खस्ताहाल हो चुकी है। सड़क का डामर उखड़ कर बिखर गया है। जगह-जगह गड्ढे हो गए इतना ही नहीं यह नगर का सबसे व्यस्त मार्ग है जहां पर वाहनों की आवाजाही रहती है 2 वर्ष से मार्ग में धूल ही धूल उड़ रही है जिसके कारण लोगों को सांस लेने में दिक्कत है होने लगी है पर इस और किसी का ध्यान नहीं है। नगर में स्थित संपूर्ण शासकीय कार्यालय भी इसी मार्ग पर नगर के मुख्य मार्ग से जाने वाले खकरिया मार्ग जो नगर का सबसे प्रमुख एवं व्यस्ततम मार्ग माना जाता है। इस मार्ग की दुर्दशा देखते ही बन रही है एक तो इस समय भीषण गर्मी ऊपर से वाहनो की आवाजाही से इस सड़क मार्ग में उड़ रही धूल से यहां के वाशिंदे एवं राहगीर काफी हैरान परेशान है। यह प्रमुख मार्ग जो लगभग दो वर्षों से दुर्दशा का शिकार है इस मार्ग में भारी भरकम गड्ढे, पक्की रास्ता कच्ची रास्ता में तब्दील हो चुकी है। मार्ग में केवल धूल ही धूल उड़ रही है धूल से लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ा रहा है लेकिन शासन प्रशासन के लोग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। 4 मई को मुख्यमंत्री कन्या विवाह भी कृषि उपज मंडी में होना है और इसी मार्ग से होकर मंत्री प्रशासनिक अधिकारी मंडी पहुंचेंगे इसके पूर्व में भी हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह में यही हालत थे। आनंद फानन में मार्ग में गिट्टी डालकर कुछ जगह को सुधर गया था आज जसकातस हो गया है। कई बार रेवासियों द्वारा आवेदन देने के बाद भी कोई कर नहीं हो सका है जबकि उड़ रही है। धूल से लोगों को सांस लेने में भी दिक्कतें आ रही हैं। उसके बावजूद इस मार्ग की दुर्दशा सुधार नहीं होने से मार्ग के आजू-बाजू रहने वाली लोग वह में काफी आक्रोश है। 2 साल से इस मार्ग की दुर्दशा को सुधारने में किसी ने कोई अहम भूमिका नहीं निभाई है तभी तो यह मार्ग विशेष मार्ग होने के बावजूद घर का सबसे खराब मार्ग बन चुका है। इस मार्ग में धूल उड़ रही है। यह मार्ग तीन वार्ड 8,9,10 से होकर गुजरता है इस मार्ग की दुर्दशा के शिकार वार्ड के वाशिंदे धूल मिट्टी से हैरान परेशान है। लगभग 2 वर्ष से रोड उखड़ कर धूल मिट्टी में तब्दील हो गई है जिसके कारण लोगों का जीना दुभर हो गया है। नगर परिषद इस मार्ग को बनाने में बजट न होने की बात कर समस्या का समाधान नहीं कर पा रही है लोगों में नाराजगी आक्रोश-लोगों में नगर परिषद के प्रति आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है।

इसी मामले को लेकर कई बार जनसुनवाई में ,नगर परिषद में ,अधिकारियों को आवेदन दिए लेकिन समस्या का कोई हल नहीं हो सका मार्ग में रहने वाले अमित साहू,राहुल ठाकुर ,संदीप परस्ते, मुन्ना विश्वकर्मा, मोहम्मद शमीम, भूरा खान,जगदीश साहू, प्रेमलाल वाल्मीक, राधा ताल्मीक ,हर्ष वाल्मीक ,दसई वाल्मीक,प्रकाश रैकवार,दीपक रैकवार ,शैलेन्द्र सोनी, नरेन्द्र साहू,अशोक शर्मा, ओम प्रकाश शर्मा,सुरेन्द्र सिंह,मनोज कुमार गौर, ,मनीष पाटकार,मूलचन्द्र विश्वकर्मा,शंकर लाल झारिया, ब्रजेश साहू,यशवंत सिंह,कुंजबिहारी ठाकुर, उमाशंकर मेमार, शिव कुमार अहिरवार,सलीम बेग,बब्लू रैकवार,अजुद्धी प्रसाद प्रजापति,चंदशेखर साहू, अशोक बेन,रजीत साहू का कहना है कि बस स्टैंड से जनपद कार्यालय तक पूरा रोड खराब है जिसमें भारी वाहनों के चलने से अधिक मात्रा में धूल उड़ती है और वायु प्रदूषण होता है जिससे सांस लेने में कठिनाई होती हैं और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है। इस संबंध में नगर परिषद से कई बार चर्चा हुई, लेकिन समाधान नहीं निकला है। यदि समस्या का समाधान नहीं होता तो कठोर कदम उठाने के लिए हमें मजबूर होना पड़ेगा।

### इनका कहना है

नगर परिषद के उपयंत्री भूपेंद्र सिंह का कहना है कि कल से काम शुरू हो रहा है। जबलपुर दमोह मुख्य मार्ग से शिक्षक कॉलोनी तक मार्ग बनाया जाएगा इस संबंध में ठेकेदार से चर्चा चल रही है कल से काम शुरू हो जाएगा।

## नशा एक सामाजिक बुराई

### जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न



**दमोह ।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह पी.सी. गुप्ता के मार्गदशन में जिला जेल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सप्तम जिला न्यायाधीश अमर गोयल, सिविल जज वरिष्ठ खंड/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, जिला विधिक सहायता अधिकारी दमोह रजनीश चौरसिया, जेल अधीक्षक छोटेलाल प्रजापति, बंदी पी.एल.व्ही., जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। सप्तम जिला न्यायाधीश दमोह अमर गोयल द्वारा उपस्थित बंदियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जेल में निरूद्ध बंदियों को ''नशा मुक्ति अभियान'' अंतर्गत जानकारी दी कि नशा एक ऐसी बुराई है जिससे केंसर जैसी जानलेवा बीमारियां जकड़ लेती है जिसके चलते होने वाली मौतों का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। इसलिये हमें नशें से दूर रहना चाहिए व जो लोग इसमें लिप्त हो चुके है, उन्हें नशा मुक्ति केंद्रों के माध्यम से नशे का त्याग किये जाने हेतु प्रेरित किया जाना चाहिए। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला द्वारा बताया गया कि जेल में निरूद्ध बंदी निःशुल्क विधिक सहायता हेतु पात्र है, बचाव हेतु बंदियों को गुणवत्तापूर्ण विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने हेतु जिला मुख्यालय पर आपके प्रकरणों में पैरवी करने हेतु लीगल एड डिफेंस काउसिल नियुक्त किये गये है जो पूर्ण रूप से विधिक सहायता प्राप्त प्रकरणों में ही पैरवी करते है तथा वे सप्ताह में चार दिवस जेल लीगल एड क्लीनिक में उपस्थित होकर बंदियों को सहायता एवं सलाह देने का कार्य करते हैं। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने 10 मई 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में रखे जाने वाले दांडिक प्रकरणों की जानकारी दी।

## बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संकल्प लिया




**हिण्डोरिया।** संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह के द्वारा एक्सिस टू जस्टिस परियोजना पार्ट - 03 के तहत गौरैया घाट स्थित बड़ी खेर माता मंदिर तेन्दूखेडा.में बच्चों के अधिकार , देख-रेख एवं संरक्षण विषय को लेकर महिला समूह के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। साथ ही अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने के प्रति आमजन को जागरूक करने मंदिर परिसर मे बैनर भी लगाया गया। इस मौके पर जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे, ब्लॉक समन्वयक सुजात खान ने कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक कुरीति है जो बच्चों के भविष्य को अंधकारमय बनाता है।।बाल विवाह के कारण बच्चों की शिक्षा ,स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं विकास प्रभावित होता है। इस मौके पर मंदिर के पंडित राजकुमार मरोठिया ने बताया कि मेरे यहां मंदिर में बाल विवाह नहीं होते हैं । और आगे भी इस बात का ध्यान रखा जाएगा। इसके पश्चात सभी उपस्थित श्रृध्दालू महिलाओं एवं नागरिकों को विवाह मुक्त दमोह जिला बनाने शपथ दिलाई गई। इस मौके पर कार्यकर्ता प्रतिभा सिंह, रितु विश्वकर्मा, के अलावा ऋषभ राठौर, ब्रजेश साहू आदि सहित बड़ी संख्या मे श्रृध्दालू महिला एवं पुरुष मौजूद रहे।

# पंच परिवर्तन से होगा समाज परिवर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



नगर के एक्सीलेंस ग्राउंड में शाखा संगम कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें संघ रचना के अनुसार दमोह की 20 बस्तियां मैं अलग-अलग लगने वाली 21 शाखाओं का आज एक्सीलेंस ग्राउंड में शाखा संगम किया गया। दमोह नगर की अलग-अलग बस्ती में लगने वाली 21 शाखाएं एक साथ एक स्थान पर लगाई गई। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में श्रीमान ब्रजकांत जी, प्रांत प्रचारक महाकौशल प्रांत का सभी स्वयं सेवकों को मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया जब डॉक्टर साहब का अंतिम समय चल रहा था तो उनके उपचार के लिए उनकी रीड की हड्डी से खून निकाला गया तो वह खून पानी बन चुका था, डॉक्टर साहब का मानना था जिस प्रकार देश के लिए शहीद होना बड़ा कार्य है। उसी प्रकार देश के लिए प्रतिदिन जीना प्रतिदिन मरना उससे भी बड़ा कार्य, एक उदाहरण देते हुए बताया जब डॉक्टर साहब को पता चला उनका एक स्वयंसेवक अस्वस्थ है। जब वह उसको देखने जा रहे थे तब किसी ने उनसे पूछा आप कहां जा रहे हैं। उनका जवाब था देवदर्शन करने जा रहा हूं अर्थात वह अपने हर स्वयं सेवक को देवता समान मानते थे, जिस प्रकार गंगा, जमुना, सरस्वती का संगम होता है उसी प्रकार आज नगर दमोह के द्वारा सभी शाखाओं का संगम एक स्थान पर हुआ है, अब हमको मन भी एक करने होंगे, तभी हम समाज में सामाजिक समरसता का भाव जागरण कर सकेंगे, हाल ही में हुई पहलगांव घटना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया जिस प्रकार आतंकवादियों ने गोली मारते समय किसी की जाति नहीं पूछी कि वह किस जाति से है, कौन है, उन्होंने सिर्फ धर्म पूछा और गोली मार दी, बंगाल में मुर्शिदाबाद में किसी की जाति देखकर हमला नहीं हुआ, उनकी नजर में सिर्फ और सिर्फ आप काफ़िर हैं, जब पहली जनगणना 1870 में हुई तब जनगणना फार्म पर सिखों के लिए अलग से कोई कालम नहीं था हम एक थे, लेकिन जब दूसरी जनगणना 1881 में हुई तब फूट डालते हुए फॉर्म पर सिखों के लिए अलग से कालम जोड़ा गया, और धीरे-धीरे समय-समय पर फॉर्म पर और भी जातियों के कालम जोड़े गए, अंग्रेजों द्वारा समाज को बांटने के लिए सेना में भी जाती आधारित सिख रेजीमेंट, कुमायूं , गोरखा, जाट, राजपूत राइफल्स रेजिमेंट इत्यादि बनाई गई, विश्व में शांति स्थापित करने के लिए पर्यावरण बचाने के लिए हिंदुत्व का होना अति आवश्यक है, जब इस्लाम आया उन्होंने तलवार की दम पर धर्म परिवर्तन कराया, ईसाइयत आई उन्होंने भी धर्म परिवर्तन कराया, एक हम हैं हमने कभी किसी को धर्म परिवर्तन करने लिए विवश नहीं किया, हिंदुत्व हमेशा ₹सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया। की कामना करता है। अंत में पंच परिवर्तन पर चलने की बात कही सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, स्व का बोध, नागरिक कर्तव्य, यह पांच परिवर्तन समाज में होने चाहिए तभी समाज का परिवर्तन होगा, संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शताब्दी वर्ष पर संघ की गणवेश में बड़े-बड़े कार्यक्रम मंडल/बस्ती पर होने की बात भी कहीं गीत की पंक्ति के साथ अपना उद्बोधन को पूर्ण किया ।

## ओजेंन्द्र तिवारी को साहित्य भास्कर सम्मान



**दमोह।** काव्य सितारे मंच जयपुर एवं बृजवानी सेवा समिति नगर डींग भरतपुर राजस्थान के संयुक्त तत्वाधान में साहित्य महाकुंभ 2025 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम एवं विशिष्ट अतिथि कैलाश मिश्रा, वेद प्रकाश शर्मा ,प्रोफेसर इंदु प्रकाश, शर्मा डॉक्टर अशोक गुप्ता, रामबाबू राज जयपुर हरिश्चंद्र हरि नगर रहे। काव्य सितारे मंच जयपुर एवं बृजवानी समिति की ओर से कार्यक्रम में पूरे भारतवर्ष से आए साहित्यकारों का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में दमोह के ओजेंद्र तिवारी एवं पदमा तिवारी को भी साहित्य भास्कर सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान मिलने पर अमर सिंहासन राजपूत पीएस परिहार ,रामकुमार तिवारी,डीएम दुबे एवं पुरुषोत्तम असाटी आदि ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी।

## कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण

**दमोह।** प्रतिनिधि (कृषि) नीति आयोग भारत सरकार दिल्ली करन कुमार ने आज कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण किया। श्री कुमार ने केंद्र पर स्थापित विभिन्न प्रदर्शन इकाईयों यथा सिरोही बकरी पालन इकाई, उन्नत देशी नस्ल गिर एवं साहिवाल दुग्ध पालन, बीज प्रदर्शन इकाई, नर्सरी, औषधीय एवं संगधीय इकाई, प्राकृतिक खेती, सीड हब प्रसंस्करण इकाई आदि का भ्रमण किया। उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा जिले के कृषकों के लिये किये जा रहे कार्यों की सराहना की। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. मनोज कुमार अहिरवार द्वारा केंद्र द्वारा कृषकों के हित में किये जाने वाले कार्यों को विस्तार पूर्वक बताया। केंद्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. रेशमा मेहरा एवं डॉ. धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा केंद्र पर स्थापित विभिन्न इकाईयों के

## वैश्य समाज ने निकाला कैंडल मार्च, पाकिस्तान विरोधी लगाये नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बटियागढ




जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 28 नागरिकों की मौत के विरोध में बटियागढ़ में वैश्य समाज ने विरोध प्रदर्शन किया। गुरुवार की शाम को अंबेडकर तिराहे से कैंडल मार्च निकाला गया। वैश्य समाज के अध्यक्ष बसंत गुप्ता के नेतृत्व में सभी वैश्य समाज अंबेडकर तिराहा पर एकत्र हुए। सभी लोगों ने मृतकों को श्रद्धांजलि दी। और केंडल मार्च निकाला एवं पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए। बटियागढ़ वैश्य समाज ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से मांग की कि हमले में शामिल आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। कार्यक्रम में वैश्य समाज के अध्यक्ष बसंत गुप्ता, युवा अध्यक्ष प्रशांत जैन, मुकेश राय, बबलू राय, भरत चौरसिया, शरद जैन, संदीप सिघई, संतोष साहू, रवि तिवारी,राजेश चौरसिया समेत कई लोग मौजूद रहे।

### बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान का फूंका पुतला...

# पहलगाम हमले के बाद सुलगी गुस्से की आग



**हटा।** मिनी स्विटजरलैंड कहे जाने वाले कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुए आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में गुस्सा है। इसके साथ ही हटा में न केवल लोग बल्कि सभी हिन्दू संगठन जो इस मसले पर एक हैं, इन मृतकों को श्रद्धांजलि देने मौन जुलूस, कैंडल मार्च निकालने के साथ ही आतंकियों के आका कहे जाने वाले पाकिस्तान पर कार्रवाई के लिए केंद्र सरकार से साफ कह रहे हैं कि अब बयान नहीं, सिर्फ बदला चाहिए, आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारना चहिए। शुक्रवार को हटा नगर में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले के विरोध में सड़कों पर उतरकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जुलूस के साथ नारेबाजी करते हुए पाकिस्तान का पुतला प्रमुख चौराहे पर ले जाकर पुतले पर जमकर जूते बरसाए। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने राम मंदिर से पाकिस्तान का पुतला लेकर जुलूस निकाला जो नगर के प्रमुख चौराहे से होते हुए बस स्टैंड पर पहुंचा जहा सभी ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और अपनी गुस्सा निकालते हुए पुतले पर जूते चप्पल की बरसात की इस दौरान रोष प्रदर्शन में बच्चे भी पाकिस्तान के पुतले पर जूते बरसाते नजर आए गुस्साए कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए, कहा कि आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर मारा जाए आतंकवादियों को करारा जबाब दिया जाना चाहिए। और इस देश से आतंकवादियों का सफाया किया जाए। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद पर अंतिम कील ठोकने का कार्य होगा। पहलगाम में हिंदू पर्यटकों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया कायराना हमला भारत की आत्मा पर हमला है, जिसे भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरा भारत हमले के विरोध में एक साथ खड़ा है। इस दौरान भारी संख्या में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही। वही सुरक्षा व्यवस्था के लिए हटा पुलिस थाने से एसआई सौरभ शर्मा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

## जेंडर चैंपियन संवाद आयोजित



**दमोह ।** बटियागढ़ ब्लॉक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संकुल केंद्र खड़ेरी में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत जेंडर चैंपियन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। संकुल के अंतर्गत आने वाले शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल केरबना, हाईस्कूल कैथोरा हाईस्कूल बम्होरी लिड़ई के छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक सम्मिलित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती पूजन के साथ की गई। बालक बालिकाओं को जेंडर, बाल संरक्षण, सायबर अपराध, वित्तीय प्रबंधन, करियर गाइडेंस, एस आर, एच आर, मानसिक स्वास्थ्य जीवन जीने का अधिकार, विकास का अधिकार, संरक्षण का अधिकार, सहभागिता का अधिकार इत्यादि विषयों पर विस्तार से छात्र-छात्राओं को जानकारी दी गई। साथ ही जेंडर चैंपियन को प्रशस्ति पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर महिला बाल विकास अधिकारी राजकुमार लड़िया, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सूरजभान चौधरी, केरबना चौकी प्रभारी शिवनारायण यादव, ममता यूनीसैफ वीरेंद्र जैन, गोविंद खेरबारे, जितेंद्र पटेल, प्राचार्य संदीप प्रजापति, केरबना प्राचार्य सीमा कुड़ेरिया, डीएस चौधरी, गोविंद विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## आसमान से बरस रही आग, गर्मी की तपन से जनजीवन प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

नगर सहित क्षेत्र में तेज गर्मी का दौर जारी है। सुबह से ही धूप अपना प्रभाव दिखाने लगी है। दोपहर बारह बजे तक आसमान से आग बरसने जैसे हालात बन रहे। पिछले एक सप्ताह से नगर सहित क्षेत्र भर में इसी तरह गर्मी और तीखी धूप अपना असर दिखा रही। शुक्रवार को सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक गर्मी ने तीखे तेवर दिखाए। गर्मी के चलते सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक नगर की गलियों में सन्नाटा पसरा रहा जिसके चलते लोग अपने अपने घरों में रहे शाम 5 बजे के बाद मौसम में राहत मिलने के बाद लोगों ने अपना काम-धाम किया। हालांकि नगर में कुछ स्थान पर हो रही जल सप्लाई के कारण लोग दोपहर में भी पानी भरते देखे गए वहीं रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं आएगा। गर्म हवा से लू का अहसास गर्म हवाएं चलने से लोगों का लू का अहसास होने लगा। दोपहिया वाहन चालक आंखों पर चश्मा पहन कर, मुंह पर रूमाल और स्कार्फ बांध कर वाहन चलाते नजर आए।

वहीं गर्मी से बचाव के लिए शीतल पेय और आईसक्रीम, गन्ना, लस्सी की बिक्री में इजाफ फा हो रहा है। गर्मी से निजात पाने के लिए लोगों की भीड़ पेय दुकानों पर लगी है। बिजली की आंख मिचौली नगर एवं क्षेत्र में दोपहर एवं रात के समय बार-बार बिजली गुल होना गर्मी में मुसीबत बनता जा रहा। लाइट कटौती होने पर लोग गर्मी से बेहाल हो जाते और घर से बाहर निकलने पर भी धूप का अहसास हो रहा। स्थिति यह है कि गर्मी में जहां तापमान बढ़ रहा है। वहीं बिजली की कटौती भी बढ़ गई है। इससे लोग खासे परेशान हैं।

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह निकाह कार्यक्रम जबेरा में 14 मई को

**जबेरा।** सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के उपसंचालक ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबेरा से कहा है मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह/निकाह आयोजन हेतु जिले की जबेरा विधानसभा क्षेत्र में 9 जून 2025 दिन सोमवार को कृषि उपज मंडी परिसर जबेरा में आयोजन की पूर्व नियत तिथि में अपरिहार्य कारणों से परिवर्तन कर 14 मई 2025 दिन बुधवार तिथि नियत की गई है। संशोधित तिथि 14 मई 2025 को कृषि उपज मंडी परिसर जबेरा में सामूहिक विवाह/निकाह सम्मेलन आयोजन की अनुमति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा है कि आयोजन में योजना की नियमों/निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता तथा आयोजन में सम्मलित होने वाले हितग्राहियों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने निर्देशित किया है कार्यक्रम में मंत्री जी एवं जनप्रतिनिधियों को सम्माननीय व्यक्तियों को निकाय स्तर के आयोजन सम्मान पूर्वक- आमंत्रित किये जाने संबंधी संपूर्ण कार्यवाही आयोजक निकाय की होगी, इस बात का विशेष ध्यान रखा जाये। इस संबंध में समय-समय पर जिला कार्यालय को आयोजन संबंधी जानकारी से अवगत कराया जाये।

### 30 अप्रैल तक तेन्दूपत्ता तोड़ने निषिध्द क्षेत्र घोषित

**दमोह।** भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं उसके अंतर्गत बनाये गये नियम जैव विविधता संरक्षण एवं पोषणीय कटाई नियम 2005 के नियम 4 के प्रावधानो के अंतर्गत वन मंडल अधिकारी ईश्वर जरांडे ने दमोह जिले के पूर्ण क्षेत्र को 30 अप्रैल 2025 तक की अवधि के लिए तेन्दूपत्ता तोड़ने के लिए निषिध्द क्षेत्र घोषित किया है। उन्होंने समस्त उप वनमंडल अधिकारी/परिक्षेत्र अधिकारी वनमंडल को निर्देशित किया है कि क्षेत्र में मुनादी कराकर जन सामान्य की जानकारी में लाये तथा निषिद्ध क्षेत्र में तेन्दूपत्ता तोड़ने वालों के विरूद्ध धारा 26 एवं 29 के अनुसार कड़ी कार्यवाही की जाये।

### ऋतिक का नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए चयन

दमोह। इंडिया ताइक्वांडो द्वारा आयोजित पहली नेशनल ताइक्वांडो चैंपियनशिप (फेडरेशन कप) के लिए दमोह के प्रतिभावान खिलाड़ी ऋतिक परोचे का चयन हुआ है। यह प्रतिष्ठित राष्ट्रीय



प्रतियोगिता 25 से 29 अप्रैल तक महाराष्ट्र के नासिक शहर में आयोजित की जाएगी। ऋतिक परोचे पिछले आठ वर्षों से दमोह ताइक्वांडो एकेडमी में कोच नीरज दुबे के मार्गदर्शन में निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने अब तक पाँच बार राज्य स्तरीय तथा चार बार राष्ट्रीय स्तर की ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में गोल्ड एवं सिल्वर मेडल जीतकर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। ऋतिक के इस चयन पर अकादमी की महिला कोच श्रीमती निधि दुबे ने उन्हें हार्दिक बधाई दी है। साथ ही एकेडमी के सभी खिलाड़ियों ने भी उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

### रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न

# जिला चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा बढ़ोत्तरी पर विशेष ध्यान दें-कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



जिला चिकित्सालय में मरीजों की सुविधा बढ़ोत्तरी के काम को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाये। अधोसंरचना के विकास और आवश्यक सुधार कार्य, नगरपालिका द्वारा पानी के टैंकर सप्लाई के रेट फिक्स करने, बारिश पूर्व अस्पताल के नालों की साफ-सफाई, सी.सी.बी.एच बोर से पुरानी अस्पताल के संपबेल हेतु लाइन बिछवाने, पुराने आई.वॉर्ड को स्टोर में परिवर्तित किया जाये। यह बात कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान कही। कलेक्टर श्री कोचर ने आर.एम.ओ. द्वारा आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किये जाने दौरान कहा समायोजन के प्रत्याशा में राशि जारी की जाती है, तो ध्यानपूर्वक इसका समायोजन आवश्यक रूप से किया जाये। उन्होंने विस्तार पूर्वक चर्चा कर सभी संबंधितों को आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कोचर ने बैठक में रखे गये प्रस्ताव के संबंध में सिविल सर्जन डॉ. रविन्द्र कुमार ठाकुर को निर्देश दिए कि जनहितैषी एवं रोगी कल्याण से जुड़ी सुविधाओं में विस्तार के लिये तार्किक रूप से आवश्यकता का विश्लेषण कर एक समग्र प्रस्ताव व्यवस्थित रूप से बनाया जाये, इस हेतु एक दल गठित किया जाये। अस्पताल के नक्शा अनुसार निरीक्षण करायें, पैरामेडिकल स्टॉफ, आउटसोर्स भर्ती, ओ.पी.डी., रोस्टर, स्टोर, वॉर्ड, रसोई, बायोमेडिकल वेस्ट निष्पादन, सुरक्षा जैसे सभी अहम मुद्दों को शामिल करते हुए कमियों की पहचान कर एक समग्र कार्ययोजना सुव्यवस्थित रूप से तैयार कर आगामी आर.के.एस. बैठक में रखी जाये। उन्होंने कहा सामग्री क्रय से संबंधित मुद्दों के लिये पृथक से कमेटी गठित कर अनुमोदन लिया जाये तथा वित्तीय वर्ष 2024-25 का ऑडिट यथाशीघ्र कराया जाये। कलेक्टर श्री कोचर ने जिला चिकित्सालय में प्यून के स्वीकृत खाली पद संबंधित जानकारी भेजने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए गये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सहित कार्यकारिणी के सभी सदस्यगण मौजूद रहे। बैठक दौरान कलेक्टर श्री कोचर ने डॉ हेमराजसिंह अस्थिरोग विशेषज्ञ को आर.के.एस. नोडल अधिकारी बनाये जाने की स्वीकृति तथा बारिश पूर्व अस्पताल के पुराने भवन में प्राथमिकता अनुसार सभी मरम्मत कार्य आर.के.एस फण्ड से कराने की अनुमति दी गई।

### वृद्धाश्रम में फल वितरण कर निभाया सामाजिक दायित्व...

# लघु उद्योग भारती का स्थापना दिवस सेवा और संकल्प के साथ मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



लघु उद्योगों को प्रोत्साहन देने और उन्हें आत्मनिर्भरता की दिशा में अग्रसर करने वाले अग्रणी संगठन लघु उद्योग भारती ने रविवार को अपना 32वाँ स्थापना दिवस सेवा, संस्कार और संकल्प के साथ मनाया। इस अवसर पर दमोह इकाई द्वारा वृद्धाश्रम में फल वितरण कर समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई गई। संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वृद्धजनों से आत्मीय संवाद किया, उनका हालचाल जाना और ताजे फल भेंट कर उनके स्वास्थ्य और सुख-समृद्धि की कामना की। यह आयोजन सिर्फ एक सेवा कार्यक्रम नहीं था, बल्कि यह संगठन के उस मूल उद्देश्य को उजागर करता है जिसमें उद्योग को संस्कार और समाज सेवा से जोड़ने का संकल्प लिया गया है। इस आयोजन में सचिंद्र (सह सचिव), पंकज अरोरा (कोषाध्यक्ष), सुधीर सिंघई, श्रीमती मनोरमा रतले, राम जैन, अवनीश जैन, मनीष जैन और गौरव गुजराती सहित कई सदस्यों ने सहभागिता कर आयोजन को सफल बनाया। सभी ने एक स्वर में सेवा, समर्पण और संगठन की एकता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी सदस्य संगठन के ₹अपना घर₹ पहुँचे, जहाँ एक भावनात्मक क्षण में सभी ने पहलगांव में हुई आतंकी घटना में शहीद हुए निर्दोष पर्यटकों को मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना प्रकट करते हुए सभी ने देश की एकता, अखंडता और शांति के लिए प्रार्थना की। यह आयोजन न केवल लघु उद्योग भारती दमोह इकाई की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह संदेश देता है कि जब उद्योग, सेवा और संवेदना एक साथ चलते हैं, तभी सशक्त और संस्कारित भारत की परिकल्पना साकार होती है।

## भाजपा नगर मंडल हटा की कार्यकारिणी हुई घोषित

**हटा।** भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे एवं विधायक श्रीमती उमादेवी लालचंद खटीक की सहमति से भारतीय जनता पार्टी दमोह द्वारा हटा नगर मंडल की कार्यकारिणी घोषित की गई। मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा ने बताया कार्यकारणी में हर समाज के वर्ग को सम्मिलित कर संतुलन बनाया गया है 15 पदाधिकारी में 13 समाज के पदाधिकारी सम्मिलित किए गए। पार्टी गाइड लाइन से 5 महिला पदाधिकारी एवं 5 आरक्षित वर्ग से पदाधिकारी बनाये गए हैं। 62 सदस्य कार्यकारिणी समिति में 20 महिलाओं को शामिल किया गया है। स्थाई आमंत्रित एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों सहित 63 लोगो की कार्यकारणी में छह उपाध्यक्ष दो महामंत्री छह नगर मंत्री एक कोषाध्यक्ष एक कार्यालय प्रभारी एवं एक आईटी सोशल मीडिया संयोजक घोषित किया जबकि मीडिया प्रभारी एवं कुछ पदों को रिक्त रखा गया हैं। घोषित नवीन कार्यकारणी में उपाध्यक्ष रंजीत गुडडू गुप्ता, अनिमेष चौरसिया चिन्तामन गुडडा भाटिया, एड. विवेक जैन, बृजेंन्द्र सिंह राजपूत, श्रीमति रीना खेमरिया, महामंत्री रमाकांत सराफ, मयंक पप्पू खटीक नगरमंत्री नारायण तंतुवाय, एड. कपिल गौर, श्रीमति राजदुलैया अहिरवार, श्रीमति रीना कोरी, मोहित राय, एड. शिवांगी गौतम कोषाध्यक्ष श्रीमति हेमलता ताम्रकार, कार्यालय मंत्री शशिकांत प्यासी रिंकू, आईटी एवं सोशल मीडिया संयोजक पुष्पेंद्र पटेल प्रमोद पुजारी को बनाया गया। नगर मंडल की कर रिकॉर्डिंग घोषित किए जाने पर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीयों व कार्यकर्ताओं ने बधाई शुभकामनाएं दी।

## जिपं सदस्य चंदन सिंह लोधी का निधन



**दमोह।** जिले की पटेरा तहसील के कुम्हारी क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य व पूर्व जनपद अध्यक्ष चंदन सिंह लोधी का दुखद निधन हो गया। क्षेत्र में प्रभावशाली व्यक्तित्व व लंबे समय से जनपद व जिला पंचायत की राजनीति में सक्रिय श्री लोधी के निधन से क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है। वह पूर्व सांसद चंद्रभान सिंह लोधी के भाई थे। पटेरा जनपद के ग्राम मझगुंवा हंसराज स्थित उनके निवास पर श्रद्धांजलि अर्पित करने बडी संख्या में लोगो का आना जाना लगा हुआ है।

# अनियमिततायें पाये जाने के आरोप में नोटिस जारी

**दमोह।** महिला एवं बाल विकास के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनवाडी केन्द्रो यथा ग्राम गुंजी के केन्द्र क्र 82 आंगनवाडी कार्यकर्त्ता गोमती तिवारी व सहायिका नीलू चौबे, केन्द्र क्र 83 आंगनवाडी कार्यकता दीक्षा तिवारी व सहायिका मंजो रैकवार, केन्द्र क्र. 176 आंगनवाडी कार्यकता प्रभा ठाकुर व सहायिका निर्मला चौबे एवं ग्राम निमुआ पटी केन्द्र आंगनवाडी कार्यकर्त्ता कुंजा यादव व सहायिका निशा गौड के केन्द्र बंद मिलने पर तथा ग्राम घाटपिपरिया के दो केन्द्रों के निरीक्षण दौरान खाना नाश्ता 11 बजे तक नही दिया गया एवं बच्चों का वजन ठीक से दर्ज नही करने के आरोप में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कलावती साहू सहायिका सुषमा अहिरवाल एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता नेहा अहिरवार सहायिका राधा वर्मन सहित सभी को नोटिस जारी किये गये। इसी प्रकार ग्राम कुमारी के केन्द्र क्र. 74 का निरीक्षण करने पर आंगनवाडी कार्यकर्त्ता गंगाबाई अनुपस्थित रहने एवं सहायिका द्वारा क्रेन्द्र पर साफ सफाई नही करने बच्चों की माप (ग्रोथ) ठीक से नही होने सुबह 10:30 बजे तक नाश्ता नही आने पर वैशाली स्व. सहायता समूह, कार्यकर्ता एवं सहायिका को नोटिस जारी किया गया। केन्द्र क्र. 131 बंद मिलने पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता दमयंती रजक एवं सहायिका प्रीति बाल्मीक को नोटिस जारी किया गया, केन्द्र क्र 73 पर कोई हितग्राही नही मिलने, ग्रोथ मानीटरिंग का सत्यापन ठीक से नहीं होने तथा पर्यवेक्षक द्वारा माह फरवरी से निरीक्षण नही करने तथा केन्द्र क्र. 72 पर टी एच आर ठीक से वितरित नही करने, नाश्ता नही आने के आरोप में एकता स्व. सहायता समूह सहित सभी को नोटिस जारी किये गये।

## जैन मिलन द्वारा डायमंड पार्क में जीव दया हेतु लगाए गए सकोरे



**दमोह।** जैन समाज द्वारा जीव दया, करुणा और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से जैन मिलन नगर प्रमुख शाखा, दमोह के तत्वावधान में डायमंड पार्क में एक विशेष सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पक्षियों के लिए सकोरे (मिट्टी के बर्तन) लगाए गए, जिनमें नियमित रूप से दाना-पानी की व्यवस्था की जाएगी। इस पुनीत कार्य की शुरुआत भगवान महावीर की प्रार्थना से हुई, जिसमें सभी उपस्थित जनों ने श्रद्धा और भावनाओं से भाग लिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उपस्थित सभी वीर वंधुओं ने सामूहिक व्यायाम कर शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का संदेश दिया। इसके पश्चात पक्षियों के लिए सकोरे लगाए गए और उनमें दाना डालने के साथ ही पानी की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम प्रभारी दीपक जैन 'ए+' ने बताया कि भीषण गर्मी के इस मौसम में पक्षियों को भोजन और पानी मिल सके, इस उद्देश्य से यह आयोजन किया गया है। सकोरों की नियमित देखरेख के लिए एक समर्पित टीम का गठन किया गया है, जो प्रतिदिन दाना-पानी भरने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में जैन समाज के अनेक प्रतिष्ठित और सक्रिय कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से मुकेश जैन 'मम्मा', संजीव शाकाहारी, सुधीर जैन 'डब्ल्यू', सचिंद्र जैन, महेन्द्र जैन सोमखेड़ा, दिलेश जैन चौधरी, आनंद जैन, अनिमेष सिंघई, सुनील जैन 'वेजेटेरियन', विनय जैन, सौरभ जैन, राकेश पलंदी, जवाहर जैन, सबन जैन जिनेन्द्र जैन सहित अनेक वीर वंधु शामिल हुए। अंत में आयोजन सहयोगी महेन्द्र जैन ने सभी आगंतुकों, सहभागियों और सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने का संकल्प लिया। यह आयोजन जैन समाज की करुणा, सेवा और संवेदनशीलता का सजीव उदाहरण बनकर उभरा। इसमें न केवल जीवों के प्रति दया भाव झलका, बल्कि समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता और सेवा भावना का संदेश भी गया।

## नरवाई जलाई तो नहीं मिलेगा सीएम किसान कल्याण योजना का लाभ

### सरकार का निर्णय एक मई से होगा लागू

**दमोह।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है, कि मध्यप्रदेश कृषि आधारित राज्य है। फसल कटाई के बाद खेतों में नरवाई जलाने के मामलों में वृद्धि होने से वायु प्रदूषण सहित कई प्रकार से पर्यावरण को बेहद नुकसान हो रहा है। खेत में आग लगाने से जमीन में उपलब्ध पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं, और भूमि की उर्वरक क्षमता में भी गिरावट आती है। इसके निदान के लिये राज्य सरकार पहले ही नरवाई जलाने को प्रतिबंधित कर चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इसके बाद भी यदि कोई किसान अपने खेत में नरवाई जलाता है, तो उसे मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना का लाभ नहीं दिया जाएगा। इसके अलावा नरवाई जलाने पर संबंधित किसान से अगले साल न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर फसल उपार्जन भी नहीं किया जाएगा। वे समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में राजस्व विभाग की समीक्षा में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, मृदा संरक्षण एवं भूमि की उत्पादकता बनाए रखने के मद्देनजर राज्य सरकार का यह निर्णय एक मई से लागू होगा।

## राजाराम दरबार की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ पर किये आयोजन



**दमोह।** किल्लाई चौराहा ग्वाल बाबा मंदिर में राजाराम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा स्थापना के प्रथम वर्षगांठ एवं स्वर्गीय दलबीर सिंह चौहान की पुण्यता के अवसर पर चौहान परिवार से डॉ राजेश चौहान, राशु चौहान एवं किल्लाई चौराहा परिवार के द्वारा राजा राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सुबह से मंदिर में पूजन, हवन किया गया इसके पश्चात संगीतमय सुंदरकांड का आयोजन और हजारों लोगों को प्रसाद वितरण कर राजाराम दरबार की स्थापना की प्रथम वर्षगांठ राम भक्तों के द्वारा हर्षोल्लास के साथ बनाई गई।

# नेमीनगर शाखा का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**दमोह।** महिला जैन मिलन नेमीनगर शाखा दमोह क्षेत्र क्रमांक -10 में अप्रैल माह की मासिक बैठक का एवं शपथ ग्रहण और सम्मान समारोह का कार्यक्रम वीरांगना सीमा बाबा जैन के घर पर हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मंगलाचरण के रूप में महावीर प्रार्थना से हुई। सर्व प्रथम दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। इसके बाद शाखा की वीरांगनाओं द्वारा मंचासीन अतिथियों का सम्मान किया गया कार्यक्रम का संचालन वीरांगना डॉली जैन ने किया। इसके बाद मंचासीन अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात 2025-26 सत्र की नवीन कार्यकारिणी को मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अति वीर आर.के. जैन साहब ने शपथ दिलवाई। और सभी पदाधिकारी ने महिला जैन मिलन नेमी नगर शाखा दमोह को कुछ नई गतिविधियों एवं क्रियाकलापों के बारे में बताया और सभी ने आगामी समय में क्या-क्या कार्य करने हैं उनके बारे में बताया और नए अध्यक्ष मंत्री और कोषाध्यक्ष और प्रचार मंत्री को किस तरह और कैसे टीम बनाकर कार्य करना चाहिए उसके बारे में भी समझाया। शाखा को श्रेष्ठ बनने के लिए उचित सुझाव भी दिए। साथ ही हमारे आत्मविश्वास को बढ़ाने में और अपने कार्यों को और बेहतर करने में सहायक सिद्ध होंगे ऐसा उद्बोधन हम सब लोगों को दिया। कार्यक्रम के अंत में



वीरांगना कोषाध्यक्ष दिशा जैन ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और अंत में कार्यक्रम का समापन अरिहंत स्तुति के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अति वीर आरके जैन साहब, राष्ट्रीय संयोजक अति वीर ऋषभ जैन जी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अति वीर दिलेश जैन ,क्षेत्रीय मंत्री अति वीरांगना कविता ऋषभ जैन, क्षेत्रीय संयोजक वीरांगना शोभा जैन, पूर्व अध्यक्ष वीरांगना सीमा दिगंबर जैन, मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई कार्यक्रम में अध्यक्ष वीरांगना सीमा बाबा, मंत्री वीरांगना डॉली जैन, कोषाध्यक्ष वीरांगना दिशा जैन, वीरांगना पदमा जैन, वीरांगना रागिनी जैन, वीरांगना सीमा पारस जैन, वीरांगना सविता जैन ,,वीरांगना संध्या जैन ,वीरांगना अनीता जैन, वीरांगना भावना जैन ,वीरांगना सीमा जैन दिगंबर ,वीरांगना राखी जैन, वीरांगना रोशनी जैन, वीरांगना सुधा जैन, वीरांगना संगीता जैन, वीरांगना बृजेश जैन, वीरांगना शिल्पी जैन की उपस्थिति रही।

# आहार दान की अनुमोदना का फल मोक्ष प्राप्ति है: मुनि उपशांत सागर



### राजा श्रेयांश ने दिया इक्षु रस का आहार

पंचकल्याण प्रतिष्ठा के अवसर पर तप कल्याण के दिन राजा श्रेयांश को महामुनिराज आदिनाथ का पड़गाहन कर इक्षु रस का आहार देने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। राजा श्रेयांश बने ऋषभ कुमार कविता जैन स्टेशन मास्टर के द्वारा महामुनिराज आदिनाथ को प्रथम आहार दिया गया। तो वहीं राजा सोम बने अशोक सिंघई को भी द्वितीय आहार दान देने का अवसर प्राप्त हुआ। इसके पश्चात सैकड़ो की संख्या में भक्त जनों के द्वारा महा मुनिराज आदिनाथ को इक्षु रस यानी गन्ने के रस का आहार दिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तों ने बधाई गाकर के भगवान को आहार दान देने की खुशियां भी मनाई। आयोजन में पूरे दमोह जिले सहित प्रदेश भर के विभिन्न जिलों से आए भक्तों ने पुण्य लाभ अर्जित किया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

चार वन्य प्राणियों को चारण रिद्धिधारी मुनियों को आहार देने की अनुमोदना के चलते विशेष फल प्राप्त हुआ। अपनी आयु को पूरी कर वे मरकर स्वर्ग गए। फिर उन्होंने स्वर्ग की आयु को पूरा कर भगवान आदिनाथ के घर पर जन्म लिया। चारों प्राणियों ने केवल आहार दान देने की अनुमोदना की। जिसका उन्हें यह फल प्राप्त हुआ। जो आहार दान देने की अनुमोदना के साथ आहार दान दे तो वह जरूर मोक्ष जाएगा। आहार दान के बारे में पद्मनादि महाराज ने कहा है कि जो धन होने के बाद भी आहार दान नहीं देता वह दुर्गति को पाएगा। वहीं दान करने वाला मोक्ष जरूर जाएगा। आहार दान देने में उदासी नहीं होनी चाहिए। दान की प्रवत्ति करने वाले को फल मिलता हैं। मुनिसुव्रत तीर्थ पर दान देने वाले को मेरा आशीर्वाद है। आहार दान में अपना द्रव्य दान देना चाहिए। अपनी सामग्री ही ले जाकर आहार में मुनिराजो को दान करो। यदि आपके पास कुछ नहीं हैं, तो स्वयं कुआं का पानी छान कर प्रासुक करके मुनिराजो को देने से भी पुण्य की प्राप्ति होगी। आज भी यह शुभ अवसर हैं। मुनिसुव्रत तीर्थ पर दान करके आप दान का पुण्य पा सकते हैं। यह बात मुनि उपशांत सागर जी महाराज ने श्री मुनीसुब्रत तीर्थ बांसा तारखेडा में आयोजित पंचकल्याणक महोत्सव के दौरान कहीं। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

## अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है- पं. चंद्रगोपाल पौराणिक

**दमोह।** दमोह के मांगज वार्ड नं 04 सरदार वल्लभ भाई पटेल रेलवे ओवरब्रिज के पास दमोह के प्रसिद्ध कथा वाचक नगर पुरोहित कथा व्यास पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक जी (बड़े महाराज) के मुखारविंद से चल रही सात



दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में चौथे दिन श्री कृष्ण जन्म की कथा सुन भक्त भाव विभोर हुए श्रद्धालु, पूरा पंडाल जयकारों से गूंजा कथा व्यास पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक (बड़े महाराज) ने बताया कि व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए, अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। कथा व्यास नगर पुरोहित आचार्य श्री पंडित चंद्र गोपाल पौराणिक जी (बड़े महाराज) ने बताया कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी, तो भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई, तो उसे अपनी इस संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते हैं। भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। शास्त्री ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। जैसे ही कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पूरा पंडाल जय श्री कृष्ण जयकारों से गूंजने लगा। कथा श्रवण करने का सौभाग्य ममता प्रेमनारायण चौबे परिवार को प्राप्त हुआ।

### श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे

श्रीकृष्ण जन्म उत्सव पर नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति में लीन होकर जमकर झूमे। एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी गई, एक-दूसरे को खिलौने और मिठाईयां बाटी गई। कथा महोत्सव में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भजन प्रदुम कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई। कथा में प्रमुख रूप से कथा श्रवण करने वालों में ममता/ प्रेमनारायण चौबे दिनेश चौबे,भाजपा युवा नेता मोंटी रैकवार, पार्षद संजू पटेल, प्रकाश पटेल, राजू चौबे, संजू चौबे, राजेश चौबे, गोविन्द पटेल, गुड्डा पटेल, जितेंद्र पटेल सहित हजारों भक्त जनों ने पहुंचकर व्यासपीठ की पूजन कर महाराज जी का आशीर्वाद लेकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया।